**Regarding Kendriya Vidyalaya in Sambhal, UP**

श्री जिया उर रहमान **(सम्भल) :** शुक्रिया, सभापति महोदय जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया । माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र सम्भल के अंदर केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही है । लेकिन, अफसोस है कि वह मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई है । यह विषय क्षेत्र के लाखों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ा हुआ मसला है । मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इस मुद्दे पर जल्द से जल्द संज्ञान लेकर सम्भल में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना कराने का कष्ट करें ।

माननीय सभापति महोदय, वहां पर प्राइवेट स्कूलों की इतनी ज्यादा फीस है कि हर परिवार अपने बच्चों को इन प्राइवेट स्कूलों में तालीम नहीं दिलवा सकता है । मैं आपके माध्यम से केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग करना चाहता हूं । केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग 20-30 सालों से चली आ रही है । लेकिन, अफसोस है कि अभी तक केंद्रीय विद्यालय मंजूर नहीं हो पाया है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से पुरजोर तरीके से मांग करता हूं कि सम्भल में जल्द से जल्द केंद्रीय विद्यालय खुलवाने का कष्ट किया जाए ।